राज्यपाल सचिवालय
लोकभवन राजस्थान

राज्यपाल ने 77 वें गणतंत्र दिवस पर लोकभवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया

जयपुर, 26 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने 77 वें गणतंत्र दिवस पर सोमवार को लोकभवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस मौके पर उन्हें परेड ने सलामी दी। बाद में उन्होंने परेड का निरीक्षण किया।

राज्यपाल ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए संवैधानिक मूल्यों के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में सभी को मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

बाद में उन्होंने सभी को मिठाई वितरित की। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी और प्रमुख विशेषाधिकारी श्री राजकुमार सागर सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।